# || कार्यालय जिला पुलिस अधीक्षक, बांसवाडा (राज.) ||

क्रमांक :– न–5( ) बांस–फोर्स/2025/ 2181–2190 दिनांक :– 02/4/2025

## –: प्रेस नोट :–

पुलिस मुख्यालय, राजस्थान, जयपुर की विज्ञप्ति क्रमांक 3346 दिनांक 03.08.2023, संशोधित विज्ञप्ति क्रमांक 3363 दिनांक 04.08.2023 एवं 3665 दिनांक 21.08.2023 के द्वारा जिला बांसवाडा की कानि. भर्ती 2023 (टी.एस.पी.) के अन्तर्गत कानि. सामान्य ड्युटी के पद पर नियुक्ति हेतु चयनित अभ्यर्थियों में से नियुक्ति के अनिच्छुक/अन्यत्र नियोजन एवं अन्य कारणों से रिक्त रहे पदों को भरे जाने हेतु रिव्यू की कार्यवाही करने के लिए अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, (भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड) राजस्थान, जयपुर के आदेश क्रमांक 1112 दिनांक 26.03.2025 के द्वारा पूर्व में गठित चयन बोर्ड को अधिकृत करने पर निर्देशानुसार महानिरीक्षक पुलिस, उदयपुर रेंज, उदयपुर (अध्यक्ष चयन बोर्ड) के पत्र क्रमांक 2156–58 दिनांक 28.03.2025 के द्वारा रिक्त पदों की पूर्ति हेतु दिनांक 29.03.2025 को रिव्यू बोर्ड की मीटिंग आयोजित कर संशोधित रिव्यू चयन सूची तैयार की जाकर उनके पत्र क्रमांक 2163–64 दिनांक 29.03.2025 को अनुमोदन हेतु पुलिस मुख्यालय, राजस्थान, जयपुर को प्रेषित की गई ।

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड), राजस्थान जयपुर के पत्र क्रमांक 170 दिनांक 31.03.2025 के द्वारा रिव्यू चयन सूची के अनुमोदन करने पर रिक्त पदों पर वरियता अनुसार निम्नाकिंत 02 अभ्यर्थियों को कानि. (सामान्य ड्यूटी) पद पर नियुक्ति प्रदान करने हेतु रिव्यू चयन सूची पर लिया गया है :–

**कानि. (सामान्य ड्यूटी) टीएसपी के रिक्त पदो पर रिव्यू में चयनित अभ्यर्थी**

| S. N | Roll No. | Name | Father's/Husband Name | Category | Sex | Date of Birth | Select list | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 1043326 | NARENDRA SINGH SISODIYA | KISHOR SINGH SISODIYA | GENERAL-EWS | M | 19-08-1999 | GEN-58H | New selection |
| 2. | 1043088 | BAPULAL DINDOR | DHARJI DINDOR | STT | M | 02-05-1994 | ST-52F | New selection |

उपरोक्त चयन सूची विभागीय वेबसाईट **https://www.police.rajasthan.gov.in** पर अपलोड की जा रही है एवं कार्यालय हाजा के नोटिस बोर्ड पर भी चस्पा की जा रही है। परीक्षा परिणाम के प्रकाशन में पूर्ण रूप से सावधानी बरती गई है, फिर भी कार्यालय पुलिस अधीक्षक, जिला बांसवाडा की सूचना को अधिकृत माना जावे।

अतः उपरोक्त समस्त चयनित अभ्यर्थियो को सूचित किया जाता है कि वे भर्ती की आगामी प्रक्रिया स्वास्थ्य परीक्षण/चरित्र सत्यापन/शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्रो एवं विशेष योग्यता प्रमाण पत्रों तथा अन्य दस्तावेज सत्यापन हेतु अपने समस्त मूल दस्तावेज निम्नानुसार प्रस्तुत करेंगे :–

1. समान पात्रता परीक्षा एवं कानि. भर्ती आवेदन मय प्रवेश पत्र/शारीरिक मापतौल एवं कम्प्यूटर अधारित परीक्षा (CBT) प्रवेश पत्र
2. शैक्षणिक योग्यता के प्रमाण पत्र
3. अभ्यर्थी यदि अनुसूचित जाति/जनजाति/पिछडा वर्ग/अति पिछडा वर्ग/आर्थिक रूप से कमाजोर वर्ग से संबंधित है तो प्रथम श्रेणी दण्डनायक या समकक्ष अधिकारी द्वारा निर्धारित प्रारूप में जारी किया गया जाति प्रमाण पत्र।
4. विशेष (टी.एस.पी.) मूल निवास प्रमाण पत्र
5. जन्म तिथि प्रमाण पत्र (यदि शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र में आयु अंकित नहीं है तो)

Signature valid
Digitally signed by Harsh Vardhan Agarwalla
Designation : Superintendent Of Police
Date: 2025.04.02 12:27:52 IST
Reason: Approved

6. अंतिम शिक्षा ग्रहण करने वाले शैक्षणिक संस्थान द्वारा जारी चरित्र प्रमाण पत्र एवं दो राजपत्रित अधिकारियो द्वारा जारी चरित्र प्रमाण पत्र (06 माह से पुराना नही हो तथा रिश्तेदार द्वारा जारी नही हो)
7. राज्य सरकार के परिपत्र कमांक प.6(19)गृह–13/2006 दिनांक 22.05.2006 के अनुसार राजकीय सेवा में नियुक्ति हेतु विवाह पंजीयन कराया जाना अनिवार्य किया गया है। तत्संबंधी विवाह पंजीयन प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।
8. 02 फोटो पहचान पत्र
9. आर्थिक पिछडा वर्ग का प्रमाण पत्र (वर्ष 2022–23 की आय के आधार पर जारी हो)
10. विशेष योग्यता प्रमाण पत्र (एसीसी,होमगार्ड,डिप्लोमा इत्यादि)
11. दहेज नही लेने संबंधित शपथ पत्र
12. दिनांक 01.06.2002 के बाद दो से अधिक जीवित संतान नही होने बाबत् शपथ पत्र
13. एक से अधिक जीवित पत्नी नही होने बाबत् शपथ पत्र
14. विधवा के मामले उसे अपने पति की मृत्यु का सक्षम प्राधिकारी का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। विछिन्न विवाह के मामले मे उसे विवाह विच्छेद का दस्तावेजी सबूत (डिकी आदेश) प्रस्तुत करना होगा।
15. आपराधिक गतिविधियों में सम्मिलित नही होने या सजायाफता नही के संबंध मे शपथ पत्र
16. धुम्रपान/तम्बाकू का सेवन नही करने का शपथ पत्र
17. 10 पासपोर्ट साईज रंगीन नवीनतम फोटो
18. भूतपूर्व सैनिक होने की स्थिति में एनओसी/डिस्चार्ज प्रमाण पत्र/पेंशनर प्रमाण पत्र।
19. यदि अभ्यर्थी राज्य कर्मचारी है तो राजकीय कर्मचारी होने का प्रमण पत्र एवं नियोक्ता/विभागाध्यक्ष द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र
20. एस.सी./एस.टी./ओबीसी/ईडब्ल्यूएस वर्ग के अभ्यर्थियो द्वारा किसी कारण से आवेदन की अंतिम तिथि तक जारी प्रमाण पत्र प्रस्तुत नही किया गया है तथा अंतिम तिथि के पश्चात् जारी किया हुआ प्रमाण पत्र हो तो अभ्यर्थी इस आशय का एक शपथ पत्र प्रस्तुत करेगा कि "वह आवेदन की अंतिम तिथि तक संबंधित वर्ग की पात्रता रखता था तथा यह सूचना गलत पाये जाने पर उसकी नियुक्ति निरस्त की जा सकेगी।"

उपरोक्त अभ्यर्थी अपने मूल दस्तावेज एवं समस्त दस्तावेजो की स्वयं द्वारा प्रमाणित एक–एक छाया प्रति सहित **दिनांक 04.04.2025 को प्रातः 09.30 बजे कार्यालय जिला पुलिस अधीक्षक, बांसवाडा** मे उपस्थित होवे। निर्धारित दिनांक एवं समय पर उपस्थित नही होने पर यह मानते हुए कि आप उक्त पद पर नियुक्ति हेतु इच्छुक नही है, चयन सूची से आपका नाम पृथक करने की कार्यवाही की जावेगी।

चयनित अभ्यर्थियो को उक्त प्रयोजनार्थ उपस्थित होने पर किसी प्रकार का यात्रा भत्ता एवं मानदेय देय नही होगा।

**( हर्ष वर्धन अग्रवाला )**
**जिला पुलिस अधीक्षक**
**बांसवाडा**

<u>प्रतिलिपि सूचनार्थ :–</u>

1. अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, (भर्ती एवं पदौन्नति बोर्ड) राजस्थान, जयपुर
2. महानिरीक्षक पुलिस, उदयपुर रेंज,उदयपुर। ।
3. समस्त जिला पुलिस अधीक्षकगण, राजस्थान
4. जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, बांसवाडा

<u>प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं पालनार्थ :–</u>

Signature valid
Digitally signed by Harsh Vardhan Agarwalla
Designation : Superintendent Of Police
Date: 2025.04.02 1?:27:52 IST
Reason: Approved

1. अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, बांसवाडा।
2. अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, महिला अपराध अनुसंधान एवं निवारण प्रकोष्ठ, बांसवाडा।
3. समस्त वृताधिकारी/थानाधिकारी, जिला बांसवाडा।
4. संचित निरीक्षक, रिजर्व पुलिस लाईन बांसवाडा को प्रेषित कर लेख है कि उपरोक्त चयनित अभ्यर्थियों के दस्तावेज प्राप्त करने हेतु सम्पूर्ण व्यवस्था करना सुनिश्चित करे।
5. सूचना एवं जन सम्पर्क अधिकारी, बांसवाडा को प्रेषित कर लेख है कि उक्त प्रेस नोट को स्थानीय/प्रादेशिक दैनिक समाचार पत्रो के आगामी अंक में निःशुल्क प्रकाशित करवाने का श्रम करावें।
6. सम्पादक दैनिक भास्कर/राजस्थान पत्रिका/दैनिक नवज्योति/राष्ट्रदूत को प्रेषित कर लेख है कि उक्त प्रेस नोट जनहित मे निः शुल्क प्रकाशित करवाने का श्रम करावे।
7. प्रभारी कम्प्युटर शाखा, कार्यालय हाजा को प्रेषित कर लेख है कि प्रेस नोट विभागीय वेब साईट पर आज ही अपलोड करना सुनिश्चित करे।
8. प्रभारी पुलिस नियंत्रण कक्ष, बांसवाडा।
9. नोटिस बोर्ड, कार्यालय हाजा।

**जिला पुलिस अधीक्षक**
**बांसवाडा**

Signature valid

Digitally signed by Harsh Vardhan Agarwalla
Designation : Superintendent Of Police
Date: 2025.04.02 1?:27:52 IST
Reason: Approved